**विज्ञापन संख्या: अपर महानिदेशक-कार्यालय/परामर्शक/आईएम/2/2025** **दिनांक: 29/05/2025**

परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के इंट्राम्यूरल प्रभाग के केंद्रीय समन्वय एकक में संस्थागत समन्वय और अनुसंधान अनुदान प्रबंधन के लिए इंट्राम्यूरल अनुसंधान सहायता हेतु, पूर्णत: अस्थाई संविदा आधार पर निम्नलिखित गैर-संस्थागत **परामर्शक** (तकनीकी/वैज्ञानिक) की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

अपेक्षित योग्यता एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

| **क्र. सं.** | **परियोजना मानव संसाधन पद** | **पदों की संख्या** | **अनिवार्य योग्यताएं** | **समेकित परिलब्धियां** | **अधिकतम आयु सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **परामर्शक (वैज्ञानिक/तकनीकी)** | **01 (एक)** | प्रमाणिक योग्यता वाले और अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में सफलता रखने वाले तथा योग्यता अर्जित करने के बाद का 1 वर्ष का अनुभव रखने वाले पेशेवर तथा जिनके पास न्यूनतम एम.एससी / बी.टेक / बीई / एमसीए / एमपीएच / बी.फार्मा / बीएएमएस / बीएसएमएस / आयुष में एमडी या संबंधित विषय में समकक्ष योग्यता हो।<br>नोट:<br>1. पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के समान माना जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)<br>2. एम.पी.एच./एम.टेक./एम.ई./एम. फार्मा को किसी भी अनुभव के समान नहीं माना जाएगा। | रु. 80,000/- | 55 वर्ष तक |

उम्मीदवारों को दिनांक **10 जून, 2025 (शुक्रवार)** को **पूर्वान्ह 10:30** बजे से वॉक-इन इंटरव्यू में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। रिपोर्टिंग का समय पूर्वाह्न 9:30 बजे से 10:30 बजे तक है। साक्षात्कार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर पूर्वी, नई दिल्ली-110029 में आयोजित किया जाएगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय पर पहुँचें और वे यह सुनिश्चित करें कि वे निर्धारित तिथि, समय और अनिवार्य योग्यताएँ पूरी करते है। केवल वे ही उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग लेने के पात्र होंगे जो योग्यता, आयु, अनुभव आदि से संबंधित अपेक्षित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और जिनके मूल दस्तावेज़ परिषद द्वारा सत्यापित हैं, वे ही साक्षात्कार में भाग लेने के पात्र होगें।

**सामान्य शर्ते और निबंधन:-**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है
2. यह पद अस्थाई आधार पर है।
3. प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी और जिसे संगठन में परामर्शक की सेवाओं की आवश्यकता और अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उपमहानिदेशक/वरिष्ठ वित्त सलाहकार स्तर के अधिकारी द्वारा किए गए मूल्यांकन के बाद उम्मीदवार के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन दो और वर्षों (एक बार में 01 वर्ष) के लिए बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार, आईसीएमआर में परामर्शक की नियुक्ति की अधिकतम अवधि किसी भी मामले में तीन वर्ष (1+1+1) है।
4. इस विज्ञापन में दर्शाई गई परिलब्धियां/वजीफा की दरें समेकित हैं।
5. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के अनुसार होगी।
6. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
7. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को अपना नवीनतम जाति वैधता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी उम्मीदवारों के पास नवीनतम वैध नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र होना चाहिए। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें 40% से कम विकलांगता न हो।
8. सफल अभ्यर्थियों को कार्य आवंटन का निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपने विवेकानुसार किया जाएगा।
9. योग्यता और अनुभव प्रासंगिक अनुशासन/क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए।
10. केवल आवश्यक योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
11. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित समय वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
12. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
13. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
14. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी
15. परियोजना मानव संसाधन पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से

अधिक परियोजनाओं में ब्रेक सहित या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे असाइनमेंट या स्थानांतरण या वित्त पोषण एजेंसी या आईसीएमआर में सेवा में नियुक्ति/समावेशन/नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं होगा। परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।

**16.** सफल उम्मीदवार को सामान्यतः मानव संसाधन पद पर एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जो पद की अवधि और कार्यात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। मानव संसाधन पद पर नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य निष्पादन के मूल्यांकन, परियोजना की अवधि, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा। किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में किसी भी मानव संसाधन पद की अधिकतम अवधि, ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के केवल पांच वर्ष होगी। संबंधित अन्वेषक, प्रभाग प्रमुख और मेजबान संस्थान के प्रमुख महानिदेशक, आईसीएमआर की पूर्व सहमति के बिना किसी भी मानव संसाधन पद पर किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के पांच साल से अधिक की अवधि के लिए दी गई निरंतरता/विस्तार के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।

**17.** आईसीएमआर कोई कारण बताए बिना सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी युवा पेशेवर पद को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**18.** युवा पेशेवर मानव संसाधन पदों के लिए छुट्टी आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।

**19.** परिषद अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**20.** सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**21.** किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता माना जाएगा।

**22.** इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट देखें।